हिन्दुस्तान epaper

Other Publications
Hindustan Times (https://epaper.hindustantimes.com/Home/ArticleView?utm_source=htepaper&utm_medium=otherpublication)

mint (https://epaper.livemint.com/Home/ArticleView?utm_source=lmepaper&utm_medium=otherpublication)

होम | May 26, 2022 | दिल्ली | 05: DELHI | Help | सर्च | Subscribe Now Offer | Sign In

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com **अपनी दिल्ली** नई दिल्ली, गुरुवार, 26 मई 2022 05

मानसून के दौरान एनसीआर में 17 से 21 फीसदी अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य

योजना : प्रदूषण से निपटने के लिए सवा तीन करोड़ पौधे लगाए जाएंगे

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली-एनसीआर **[1]** में मानसून के दौरान पौधरोपण पर जोर दिया जाएगा। इस बार लगभग सवा तीन करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मुताबिक, इस बार एनसीआर के शहरों में 17 फीसदी अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। जबकि, राजधानी दिल्ली में 21 फीसदी अधिक पौधरोपण का लक्ष्य है।

सर्दी के समय बिगड़ जाते हैं हालात : दिल्ली-एनसीआर बेहद सघन आबादी वाला क्षेत्र है। यहीं बड़ी तादाद में वाहनों की संख्या है। साथ ही सर्वाधिक निर्माण कार्य भी हो रहे हैं। पूरे क्षेत्र में जाड़े के समय में प्रदूषण की स्थिति खराब हो जाती है। इस दौरान स्कूल और शिक्षण संस्थाएं बंद करने और निर्माण कार्यों पर पाबंदी लगाने जैसे निर्णय लेने पड़ते हैं। प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली-एनसीआर में अन्य कदम तो उठाए ही जा रहे हैं। साथ ही पूरे इलाके में सघन पौधरोपण पर भी जोर दिया जा रहा है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मुताबिक, इस बार एनसीआर के शहरों में पिछले साल की तुलना में 17 फीसदी अधिक पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पिछले वर्ष से अधिक : वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मुताबिक एनसीआर के शहरों में इस बार दो करोड़ 90 लाख 87 हजार 55 पौधे लगाए जाएंगे। पिछले साल एनसीआर शहरों में दो करोड़ 47 लाख 89 हजार 611 पौधे लगाए गए थे। इस तरह यह पिछले साल की तुलना में 17 फीसदी ज्यादा है।

कहां कितना पौधरोपण

21% अधिक होगा इस बार दिल्ली में पौधरोपण, 31 लाख 89 हजार 191 पौधे लगेंगे

58% अधिक पौधरोपण हरियाणा के एनसीआर शहरों में होंगे

35% अधिक होगा राजस्थान के एनसीआर शहरों में पौधरोपण, यहां 9 लाख 84 हजार 992 पौधे लगाए जाएंगे

02% अधिक होगा उत्तर प्रदेश के एनसीआर शहरों में पौधरोपण

पांच हजार किमी लंबी सड़कें मशीन से साफ होंगी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली की पांच हजार किलोमीटर लंबी सड़कों **[2]** पर मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों से सफाई होगी, ताकि सफाई के दौरान उड़ने वाली धूल को रोका जा सके। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने हाल ही में इसके निर्देश जारी किए हैं।

प्रदूषण में 20 फीसदी हिस्सेदारी : दिल्ली के प्रदूषण में हवा में उड़ने वाली धूल की हिस्सेदारी 20 फीसदी के लगभग मानी जाती है। इसमें काफी मात्रा सड़कों पर उड़ने वाली धूल की होती है। इसी के चलते वायु गुणवत्ता

प्रबंधन आयोग ने सड़कों की सफाई मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों से कराने के निर्देश दिए हैं। आयोग के मुताबिक, दिल्ली में कुल 18 हजार किलोमीटर की लंबाई की सड़कें हैं। इनमें से पांच हजार किलोमीटर के लगभग सड़कें ऐसी हैं, सबसे अधिक यातायात रहता है। जिससे धूल उड़ती है।

कई स्थानों पर पहले ही शुरू की गई सफाई : इनमें से बहुत सारी सड़कें ऐसी हैं, जहां पहले से ही मैकेनिकल स्वीपिंग शुरू की जा चुकी है। जबकि, निगम की ओर से अक्तूबर तक 28 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन और 26 वाटर स्प्रिंकलर मशीनें खरीदी जाएंगी, ताकि भारी यातायात वाली सड़कों पर मशीनों से सफाई की जा सके।

एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देंगे : राय

दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को सचिवालय में लगे स्टॉल में एकल उपयोग प्लास्टिक उत्पादों के विकल्पों का निरीक्षण किया। ● सोनू मेहता

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली **[3]** सरकार ने एकल उपयोग प्लास्टिक उत्पाद पर पाबंदी लगाने के लिए कमर कस ली है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को बताया कि एकल उपयोग प्लास्टिक की वस्तुओं के विकल्प को दिल्ली में बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अगले महीने साप्ताहिक मेले का आयोजन किया जाएगा।

एकल उपयोग प्लास्टिक पर जुलाई महीने से पूरे देश भर में ही पाबंदी लगनी है। दिल्ली सरकार ने इस अनुसार अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सचिवालय में बुधवार दिन में एकल उपयोग प्लास्टिक उत्पादों का विकल्प तैयार करने वाली अलग-अलग कंपनियों और स्टार्टअप ने अपना स्टॉल लगाया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इन कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की और उनसे सुझाव मांगे। बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सरकार राजधानी को एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त शहर बनाएगी। इसके लिए अन्य विकल्पों को बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए सरकार नई ग्रीन स्टार्टअप नीती ला रही है। प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग बंद करने के लिए सचिवालय में एक जून से ही एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग पर पाबंदी लगा दी गई है। सरकार के सामने चुनौती है कि इसके उत्पादन, आपूर्ति और बिक्री से जुड़े लोगों की आय पर पड़ने वाले प्रभाव को कैसे कम किया जाए और इसके विकल्पों को जनता तक पहुंचाया जाए। इसके लिए जून में मेले का आयोजन किया जाएगा।

शहर 30s

करोलबाग जोन से हटाई अवैध पार्किंग

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने करोलबाग जोन के कर्मपुरा और नारायणा औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध पार्किंग और ढाबे के कब्जों को हटाया। पार्क की भूमि पर काफी समय से लोगों ने कब्जा किया हुआ था। निगम अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान लगभग दस ढाबों को तोड़ दिया गया और अवैध पार्किंग से वाहनों को हटाया गया।

फैक्टरी से 21 बाल मजदूर छुड़ाए गए

नई दिल्ली। दिल्ली कैंट की एक फैक्टरी से मंगलवार देर रात 21 बाल मजदूरों को छुड़ाया है। इनमें 13 लड़के और आठ लड़कियां हैं। इनकी उम्र आठ से 17 साल के बीच है। 'बचपन बचाओ आंदोलन' के कार्यकर्ताओं, पुलिस और अन्य संगठनों के सहयोग से यह अभियान चलाया गया।

पिता पर धारदार हथियार से हमला किया

नई दिल्ली। शाहदरा के फर्श बाजार में मंगलवार को एक युवक ने अपने पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दरअसल, पिता इंद्रपाल सिंह के घर लौटने पर बेटा व बेटी मौजूद नहीं मिले। थोड़ी देर बाद पहुंचने पर वह डांटने लगा। बेटी बहस करने लगी तो उसकी पिटाई करने लगा। इसी बीच उसका बड़ा बेटा आ गया और बहन को पिटता देख पिता पर हथियार से हमला कर दिया।

वॉकी-टॉकी से लैस हो चलाते थे सट्टा गिरोह

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिला स्पेशल स्टाफ ने जहांगीरपुरी इलाके में हाईटेक तरीके वॉकी-टॉकी से सट्टेबाजी करने वालों का भंडाफोड़ किया है। एसआई दिनेश बेनीवाल को मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गिरोह के दो सरगना समेत 23 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, बीट में तैनात तीन पुलिसकर्मियों को लाइनहाजिर कर दिया गया है।

अट्ठावन लाख के सोने के साथ पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर अवैध तरीके से लगभग अट्ठावन लाख का सोना ला रहे यात्री को पकड़ लिया गया। पकड़ा गया यात्री जेद्दा से दिल्ली आया था। उसके पास से 32 कड़े बरामद किए गए। जिनका वजन 1260 ग्राम था। इसकी कीमत 58 लाख 62 हजार 931 रुपये आंकी गई है।

पुलिस वेलफेयर विंग की वेबसाइट लॉन्च

पुलिस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस (वेलफेयर) को सम्मानित करते पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना। ● प्रेट्र

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वेलफेयर विंग की संशोधित वेबसाइट लॉन्च की। वेबसाइट का यह लिंक कल्याण से संबंधित जानकारी और समाधान प्रदान करता है। यानी अनुकंपा आधार पर नौकरियां, दिल्ली पुलिस कल्याण योजना, डीपीएमएफ, पीएफईडी सुविधाएं आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देता है।

पूरक आरोपपत्र पर कोर्ट ने संज्ञान लिया

नई दिल्ली। दिल्ली हिंसा के दो मामलों में मुख्य आरोपी एवं आप के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत अन्य आरोपियों पर समुदायों के बीच सांप्रदायिक शत्रुता और अफवाह फैलाने के आरोप को लेकर दायर पूरक आरोपपत्र पर अदालत ने संज्ञान ले लिया है। कड़कड़डूमा स्थित मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट शिरीष अग्रवाल की अदालत ने आदेश दिया है कि इस पूरक आरोपपत्र की प्रति सभी आरोपियों को मुहैया करा दी जाए।

हॉकी इंडिया का कार्य प्रशासनिक समिति देखेगी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया द्वारा राष्ट्रीय खेल संहिता का पूरी तरह से पालन नहीं किए जाने पर उच्च न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया। न्यायालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए हॉकी इंडिया के रोजमर्रा के कामकाज के संचालन की जिम्मेदारी तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति (सीओए) को सौंपी दी है। जस्टिस नज्मी वजीरी और स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने यह आदेश पूर्व भारतीय खिलाड़ी असलम शेर खान की ओर से दाखिल याचिका पर विचार करते हुए दिया है।

नीरज बवाना के पिता को मारने की साजिश नाकाम

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। आउटर नार्थ जिला पुलिस ने जेल में बंद कुख्यात बदमाश नीरज बवाना के पिता की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने हत्या की फिराक में घूम रहे दो नाबालिगों को सोमवार को दबोच लिया। इनके कब्जे से दो पिस्टल एवं 20 कारतूस भी बरामद किए गये हैं।

स्पेशल स्टाफ के एसआई जगबीर, एसआई प्रवीन कुमार एवं एसआई पवन यादव की टीम हाल में हुई गैंगवार की घटनाओं में शामिल बदमाशों की तलाश कर रही थी। तभी टीम को सोमवार को सूचना मिली कि कपिल मान अपने पिता की हत्या का बदला लेने की तैयारी में है। उसने दो शख्स को इसके लिए तैयार भी किया है और ये बवाना गांव के बाहर हैं। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच कर जांच की तो पिस्टल एवं कारतूस मिले। फिर जांच में दोनों नाबालिग पाए गये।

पिता की हत्या का बदला लेने के लिए भेजा : जेल में बंद कपिल मान के 55 वर्षीय पिता ब्रह्मप्रकाश की सात मई को बाइक सवार बदमाशों ने नौ राउंड फायरिंग कर हत्या कर दी थी। इसका बदला लेने के लिए बवाना इलाके में 15 मई को नीरज गिरोह से जुड़े पारूल को दर्जन भर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लेकिन पिता का बदला लेने के लिए नीरज के पिता को निशाना बनाने की तैयारी की गई। नाबालिगों ने पुलिस की पूछताछ के दौरान बताया कि जेल में बंद हितेश वाजितपुरिया और दिनेश कराला ने उनसे सम्पर्क किया था।

डॉन बनाने का सपना दिखाया

दोनों नाबालिग महज 15 से 16 साल के हैं। दोनों ही झज्जर के रहने वाले हैं। दिनेश कराला, हितेश ने उन्हें बाहरी दिल्ली के इलाके का डॉन बनाने का सपना दिखाया था। उन्हें कहा गया था कि नीरज के पिता की हत्या के बाद वे अपराध जगत में छा जाएंगे। फिर उन्हें गोगी गिरोह व अन्य बदमाशों का सहयोग मिलेगा। इन दोनों के साथ एक शख्स भी खड़ा था जिसका काम नीरज के पिता की पहचान कराना था। इसके बाद नाबालिगों को अंधाधुंध फायरिंग करने के निर्देश दिए गये थे। लेकिन पुलिस को देखकर पहचान कराने वाला शख्स फरार हो गया।

कुत्तों की उपेक्षा पर कोर्ट ने चिंता जताई

नई दिल्ली (प्र.सं.)। उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली में लावारिस कुत्तों की उपेक्षा पर चिंता जाहिर की है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने राजधानी में लावारिस कुत्तों के स्वास्थ्य, देखभाल एवं संरक्षण और कल्याण की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान मामले में दिल्ली सरकार और निगम को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सभी पक्षों को छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

फैसले के बाद दिल्ली-एनसीआर में अलर्ट

सभी संवेदनशील स्थानों पर नजर

पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल के जवान लगातार गश्त कर यह सुनिश्चित कर रहे थे कि फैसला सुनाए जाने के बाद कोई भी संदिग्ध व्यक्ति किसी भी प्रकार की वारदात या हिंसा को अंजाम ना दे पाए। राजधानी ही नहीं पूरे एनसीआर के संवेदनशील स्थानों पर भी नजर रखी जा रही है।

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। हत्या और टेरर फंडिंग के मामले में यासीन मलिक को सजा सुनाए जाने के बाद दिल्ली-एनसीआर अलर्ट पर हैं। खासतौर से आतंकी हमले की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों ने सजा सुनाए जाने के दौरान अदालत और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े बंदोस्त किए थे।

फैसला आने के बाद दिल्ली ही नहीं पूरे एनसीआर में एहतियातन सुरक्षा इंतजाम को और भी बढ़ा दिया। कई जगह एहतियातन चेकिंग भी की गई। अदालत में भी सुबह से ही सुरक्षा का कड़ा पहरा था। यासीन मलिक को कड़ी सुरक्षा के बीच दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत में पेश किया गया। अदालत के अंदर से लेकर बाहर तक सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाने के लिए सुरक्षाकर्मियों का कड़ा पहरा था। दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों की करीब पांच कंपनी से ज्यादा सुरक्षा फोर्स की तैनाती की गई थी।

इसके अलावा संदिग्धों और उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें भी तैनाती की गई थीं।

डीलक्स बसों में यात्रा के दौरान चुराता था लैपटॉप, पकड़ा गया

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। मजनू का टीला पुलिस ने डीलक्स बसों में यात्रा के दौरान लैपटाप चोरी करने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दस लैपटाप भी बरामद किए हैं।

डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि आरोपी अब तक 50 से अधिक लैपटाप चोरी कर चुके हैं। पीतमपुरा निवासी एक महिला वकील ने मामले के बारे में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता की शिकायत पर मजनू का टीला चौकी प्रभारी एसआई संदीप माथुर की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस को बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी तड़के चार बजे बीच रास्ते में लैपटाप बैग लेकर उतरता दिखाई दिया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को मजनू का टीला इलाके से दबोच लिया। उसकी पहचान कमल कुमार के तौर पर हुई है।

एसटीएफ ने दीपक बॉक्सर और गोगी गैंग का शार्प शूटर दबोचा

मेरठ\नई दिल्ली। एसटीएफ मेरठ और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में दीपक बॉक्सर और गोगी गैंग के शार्प शूटर संदीप बासी को मुठभेड़ के बाद दिल्ली में बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस पर गोलियां चलाई और जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी।

मेरठ में 20 मई को हुए प्रयाग हत्याकांड में भी संदीप शामिल था। इसके अलावा उत्तराखंड की लूट में भी वह वांछित है।

बुधवार सुबह करीब 5 बजे मेरठ एसटीएफ और दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने शनि बाजार क्रासिंग नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में संदीप को घेर लिया। आरोपी ने पुलिस टीम पर गोलीबारी कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

दोस्तों ने चाकू मारा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर में रुपये के झगड़े में दो युवकों ने अपने दोस्त को चाकू मार दिया। घायल 23 वर्षीय साबिज को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

बुजुर्ग से मोबाइल छीना

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी में बदमाश ने एक घर में घुसकर एक बुजुर्ग से मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने शोर मचाया तो परिजनों ने बदमाश का पीछा किया, मगर बदमाश तेजी से भाग निकला। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित 85 वर्षीय रामसिंह अपने परिवार के साथ नंद नगरी के सुंदर नगरी इलाके में रहते हैं।

एनएचपीसी NHPC

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएनः L40101HR1975GOI032564
सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत

आज़ादी का अमृत महोत्सव

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही एवं समाप्त वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की विवरणी का सार

(करोड़ रूपए में)

क्र. सं.	विवरण	एकल: समाप्त तिमाही 31.03.2022 अंकेक्षित	एकल: समाप्त तिमाही 31.12.2021 अनंकेक्षित	एकल: समाप्त तिमाही 31.03.2021 अंकेक्षित	एकल: समाप्त वर्ष 31.03.2022 अंकेक्षित	एकल: समाप्त वर्ष 31.03.2021 अंकेक्षित	समेकित: समाप्त तिमाही 31.03.2022 अंकेक्षित	समेकित: समाप्त तिमाही 31.12.2021 अनंकेक्षित	समेकित: समाप्त तिमाही 31.03.2021 अंकेक्षित	समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2022 अंकेक्षित	समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2021 अंकेक्षित
1)	प्रचालनों से कुल आय	1,505.76	1,932.39	1,341.48	8,353.80	8,506.58	1,674.31	2,156.72	1,609.17	9,188.78	9,647.89
2)	कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मदों तथा नियामक विलम्बित लेखा शेष में संचलन से पहले)	511.97	913.03	529.37	4,046.86	3,982.16	442.92	1,115.81	677.10	4,427.44	4,567.57
3)	कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मदों से पहले और नियामक विलम्बित लेखा शेष में संचलन के बाद)	586.35	(514.26)	544.43	2,776.44	4,110.19	552.70	(294.53)	1,035.86	3,217.35	4,679.74
4)	कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मदों के बाद और नियामक विलम्बित लेखा शेष में संचलन से पहले)	511.97	913.03	529.37	4,046.86	3,797.16	442.92	1,115.81	677.10	4,427.44	4,382.57
5)	कर पूर्व निवल लाभ (असाधारण मदों के बाद और नियामक विलम्बित लेखा शेष में संचलन के बाद)	586.35	(514.26)	544.43	2,776.44	3,925.19	552.70	(294.53)	1,035.86	3,217.35	4,494.74
6)	निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कर पश्चात निवल लाभ (असाधारण मदों के पश्चात)										
	– मूल कंपनी के स्वामी	560.09	760.56	415.90	3,537.71	3,245.06	467.15	813.21	442.33	3,523.57	3,271.78
	– अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-	48.75	75.55	40.02	250.76	328.10
7)	निम्न को आरोप्य अवधि हेतु कुल व्यापक आय [लाभ एवं अन्य व्यापक आय सहित (कर पश्चात)]:										
	– मूल कंपनी के स्वामी	526.67	754.50	501.87	3,550.47	3,252.26	432.63	807.20	529.19	3,535.36	3,279.15
	– अनियंत्रित ब्याज	-	-	-	-	-	47.70	75.59	40.87	249.83	328.26
8)	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/–रू प्रत्येक)	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03	10,045.03
9)	आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर)	23,441.07	24,274.50	21,558.08	23,441.07	21,558.08	24,875.95	25,845.26	23,008.27	24,875.95	23,008.27
10)	शुद्ध मूल्य	33,486.10	34,319.53	31,603.11	33,486.10	31,603.11	34,920.98	35,890.29	33,053.30	34,920.98	33,053.30
11)	प्रदत्त ऋण पूंजी	28,047.72	25,548.64	25,379.98	28,047.72	25,379.98	28,113.15	25,552.05	25,382.44	28,113.15	25,382.44
12)	ऋण इक्विटी अनुपात	0.84	0.74	0.80	0.84	0.80	0.81	0.71	0.77	0.81	0.77
13)	प्रति शेयर अर्जन (मूल एवं डाइल्यूटिड) वार्षिक तौर पर नहीं (इक्विटी शेयर, अंकित मूल्य ₹10/– प्रत्येक)										
	– विनियामक स्थगन लेखा शेष में गतिशीलता से पूर्व (₹ में)	0.48	2.18	0.40	4.79	3.10	0.36	2.21	0.08	4.71	3.15
	– विनियामक स्थगन लेखा शेष में गतिशीलता के पश्चात (₹ में)	0.56	0.76	0.41	3.52	3.23	0.47	0.81	0.44	3.51	3.26
14)	पूंजी विमोचन आरक्षित	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71	2,255.71
15)	डिबेंचर (बॉन्ड) विमोचन आरक्षित	1,366.25	1,641.95	1,641.95	1,366.25	1,641.95	1,366.25	1,641.95	1,641.95	1,366.25	1,641.95
16)	ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर)	1.88	3.67	1.48	3.62	3.03	1.82	4.13	1.64	3.84	3.29
17)	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (आईएससीआर)	5.31	6.58	4.14	7.18	6.60	5.14	7.42	4.59	7.61	7.16
18)	प्रतिभूति प्रीमियम खाता	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-

नोट :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजेज में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। इन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट : www.nseindia.com और www.bseindia.com पर एवं कंपनी की वेबसाइट : www.nhpcindia.com पर उपलब्ध है।
2. आवश्यक्तानुसार पिछली अवधि के आंकड़े पुनर्समूहित / पुन:व्यवस्थित किए गए हैं।

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 25 मई 2022

एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
(राजेन्द्र प्रसाद गोयल)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन–08645380

https://www.nhpcindia.com join us : चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए

केसी और स्वरूप में) का
गैर-व्यावसायिक/ बिना अनुमति/ बिना लाइसेंस के प्रकाशन अथवा प्रचार, प्रसार या वितरण सोशल मीडिया अथवा किसी भी अन्य माध्यम से करना निषेध है।